Motisons Jewellers

# Motisons Jewellers Limited

270, 71, 72, 76, Johari Bazar, Jaipur-302003 | Tel.: +91-0141-4150000
SB-110 Lalkothi, Tonk Road, Jaipur-302015 | Tel.:+91-0141-4160000
F-33, Gautam Marg, Vaishali Nagar, Jaipur-302021 | Tel.:+91-0141-3510000
Email: motisons@gmail.com • Website: www.motisonsjewellers.com

CIN-L36911RJ2011PLC035122

Date: 22.05.2025

To,

**BSE Limited**
Dept of Corporate Services
Phirozee Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400 001 (Maharashtra)
**Scrip Code :544053**

**National Stock Exchange of India Limited**
The Listing Department
Exchange Plaza, C-1, Block G, Bandra Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai- 400 051(Maharashtra)
**Symbol :MOTISONS**

**Subject: Intimation of Newspaper Advertisement for publication of Audited Financial Results of the company for the Quarter and Financial Year ended 31st March, 2025.**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to the Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby enclose copy of newspaper advertisement published in Financial Express in English language newspaper and in Business Remedies in Vernacular language newspaper regarding extract of Audited Financial Results of the company for the Quarter and Financial Year ended 31st March, 2025.

You are requested to kindly take the same on record.

**Thanking you,**

**Yours Faithfully,**
**For Motisons Jewellers Limited**

BHAVESH SUROLIA
Digitally signed by BHAVESH SUROLIA
Date: 2025.05.22 13:33:14 +05'30'

**Bhavesh Surolia**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: A64329**

**Encl: as above**

# एमसीएक्स पर कॉटन-केंडी वायदा के भाव में 300 रुपये की नरमीः क्रूड ऑयल फ्यूचर्स में 36 रुपये का सुधार

## सोना वायदा में 673 रुपये और चांदी वायदा में 371 रुपये की वृद्धिः कमोडिटी वायदाओं में 17900.27 करोड़ रुपये और कमोडिटी ऑप्शंस में 82460.85 करोड़ रुपये का दर्ज हुआ टर्नओवरः सोना-चांदी के वायदाओं में 14157.91 करोड़ रुपये का हुआ कारोबारः बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स फ्यूचर्स 22068 पॉइंट के स्तर पर

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में 100361.65 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज हुआ। कमोडिटी वायदाओं में 17900.27 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि कमोडिटी ऑप्शंस में 82460.85 करोड़ रुपये का नॉशनल टर्नओवर हुआ। बुलियन इंडेक्स बुलडेक्स का मई वायदा 22068 पॉइंट के स्तर पर कारोबार हो रहा था। कमोडिटी ऑप्शंस में कुल प्रीमियम टर्नओवर 1186.71 करोड़ रुपये का हुआ।

कीमती धातुओं में सोना-चांदी के वायदाओं में 14157.91 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। एमसीएक्स सोना जून वायदा 95344 रुपये पर खूलकर, ऊपर में 95705 रुपये और नीचे में 95150 रुपये पर पहुंचकर, 94841 रुपये के पिछले बंद के सामने 673 रुपये या 0.71 फीसदी की तेजी के संग 95514 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंचा। गोल्ड-गिनी मई वायदा 651 रुपये या 0.86 फीसदी तेज होकर यह कॉन्ट्रैक्ट 76683 रुपये प्रति 8 ग्राम पर आ गया। गोल्ड-पेटल मई वायदा 68 रुपये या 0.71 फीसदी की मजबूती के साथ 9601 रुपये प्रति 1 ग्राम बोला गया। सोना-मिनी जून वायदा 95000 रुपये पर खूलकर, ऊपर में 95640 रुपये और नीचे में 95000 रुपये पर पहुंचकर, 662 रुपये या 0.7 फीसदी बढ़कर 95423 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड हो रहा था। गोल्ड-टेन मई वायदा प्रति 10 ग्राम सत्र के आरंभ में 95100 रुपये के भाव पर खूलकर, 95733 रुपये के दिन के उच्च और 94903 रुपये के नीचले स्तर को छूकर, 94873 रुपये के पिछले बंद के सामने 583 रुपये या 0.61 फीसदी की तेजी के संग 95456 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ।

चांदी के वायदाओं में चांदी जुलाई वायदा 97447 रुपये पर खूलकर, ऊपर में 97995 रुपये और नीचे में 97447 रुपये पर पहुंचकर, 97288 रुपये के पिछले बंद के सामने 371 रुपये या 0.38 फीसदी बढ़कर 97659 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड हो रहा था। इनके अलावा चांदी-मिनी जून वायदा 386 रुपये या 0.4 फीसदी की मजबूती के साथ 97585 रुपये प्रति किलो बोला गया। जबकि चांदी-माइक्रो जून वायदा 414 रुपये या 0.43 फीसदी की तेजी के संग 97590 रुपये प्रति किलो हुआ।

मेटल वर्ग में 1318.25 करोड़ रुपये के ट्रेड दर्ज हुए। तांबा मई वायदा 70 पैसे या 0.08 फीसदी के सुधार के साथ 858.9 रुपये प्रति किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था। जबकि जस्ता मई वायदा 35 पैसे या 0.13 फीसदी चढ़कर 260.55 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंचा। इसके सामने एल्यूमीनियम मई वायदा 1.3 रुपये या 0.54 फीसदी औंधकर 238.3 रुपये प्रति किलो पर आ गया। जबकि सीसा मई वायदा 20 पैसे या 0.11 फीसदी टूटकर 177.9 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंचा। इन जिंसों के अलावा कारोबारियों ने एनर्जी सेगमेंट में 2194.76 करोड़ रुपये के सौदे किए। एमसीएक्स क्रूड ऑयल जून वायदा 5382 रुपये पर खूलकर, ऊपर में 5437 रुपये और नीचे में 5369 रुपये पर पहुंचकर, 36 रुपये या 0.67 फीसदी की तेजी के संग 5370 रुपये प्रति बैरल के भाव पर पहुंचा। जबकि क्रूड ऑयल-मिनी जून वायदा 35 रुपये या 0.66 फीसदी की तेजी के संग 5371 रुपये प्रति बैरल हुआ। इनके अलावा नैचुरल गैस मई वायदा सत्र के आरंभ में 291.3 रुपये के भाव पर खूलकर, 294.7 रुपये के दिन के उच्च और 286.1 रुपये के नीचले स्तर को छूकर, 291.2 रुपये के पिछले बंद के सामने 2.1 रुपये या 0.72 फीसदी की मजबूती के साथ 293.3 रुपये प्रति एमएमबीटीयू बोला गया। जबकि नैचुरल गैस-मिनी मई वायदा 2.1 रुपये या 0.72 फीसदी की बढ़त के साथ 293.3 रुपये प्रति एमएमबीटीयू के भाव पर कारोबार कर रहा था।

कृषि जिंसों में मेंथा ऑयल मई वायदा 907 रुपये पर खूलकर, 2.9 रुपये या 0.32 फीसदी तेज होकर यह कॉन्ट्रैक्ट 909.9 रुपये प्रति किलो पर आ गया। कॉटन केंडी मई वायदा 300 रुपये या 0.55 फीसदी औंधकर 53900 रुपये प्रति केंडी पर आ गया। कारोबार की दृष्टि से एमसीएक्स पर सोना के विभिन्न अनुबंधों में 11502.22 करोड़ रुपये और चांदी के विभिन्न अनुबंधों में 2655.70 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। इसके अलावा तांबा के वायदाओं में 858.55 करोड़ रुपये, एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम-मिनी के वायदाओं में 158.27 करोड़ रुपये, सीसा और सीसा-मिनी के वायदाओं में 24.87 करोड़ रुपये, जस्ता और जस्ता-मिनी के वायदाओं में 276.56 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। इन जिंसों के अलावा क्रूड ऑयल और क्रूड ऑयल-मिनी के वायदाओं में 528.69 करोड़ रुपये के ट्रेड दर्ज हुए। जबकि नैचुरल गैस और नैचुरल गैस-मिनी के वायदाओं में 1666.07 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। मेंथा ऑयल के वायदा में 2.73 करोड़ रुपये की खरीद बेच की गई। जबकि कॉटन केंडी के वायदाओं में 3.65 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। ओपन इंटरेस्ट सोना के वायदाओं में 20638 लोट, सोना-मिनी के वायदाओं में 39936 लोट, गोल्ड-गिनी के वायदाओं में 12566 लोट, गोल्ड-पेटल के वायदाओं में 164894 लोट और गोल्ड-टेन के वायदाओं में 12748 लोट के स्तर पर था। जबकि चांदी के वायदाओं में 19917 लोट, चांदी-मिनी के वायदाओं में 38551 लोट और चांदी-माइक्रो वायदाओं में 145659 लोट के स्तर पर था। क्रूड ऑयल के वायदाओं में 11859 लोट और नैचुरल गैस के वायदाओं में 18328 लोट के स्तर पर था। इंडेक्स फ्यूचर्स में बुलडेक्स मई वायदा 22000 पॉइंट पर खूलकर, 22068 के उच्च और 22000 के नीचले स्तर को छूकर, 280 पॉइंट बढ़कर 22068 पॉइंट के स्तर पर कारोबार हो रहा था।

कमोडिटी ऑप्शंस ऑन फ्यूचर्स में क्रूड ऑयल जून 5400 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति बैरल 18.9 रुपये की बढ़त के साथ 181.8 रुपये हुआ। जबकि नैचुरल गैस मई 290 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति एमएमबीटीयू 2.45 रुपये की बढ़त के साथ 11.8 रुपये हुआ। सोना मई 96000 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति 10 ग्राम 216.5 रुपये की बढ़त के साथ 728.5 रुपये हुआ। इसके सामने चांदी जून 100000 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति किलो 143 रुपये की बढ़त के साथ 2000 रुपये हुआ। तांबा मई 860 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का कॉल ऑप्शन प्रति किलो 5 पैसे की नरमी के साथ 5.29 रुपये हुआ।

# दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में डीटीयू ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली के शाहबाद दौलतपुर स्थित दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने बुधवार को 'प्लास्टिक मुक्त सार्वजनिक स्थान' अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपमहापौर जयभगवान यादव, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाना था। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, कि स्वच्छ दिल्ली का सपना तभी साकार होगा, जब हम सभी मिलकर प्लास्टिक के उपयोग को कम करें। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैं दिल्ली नगर निगम, दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और इस आयोजन से जुड़ी सभी संस्थाओं को बधाई देता हूं। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे एकल-उपयोग प्लास्टिक से परहेज करें और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाएं।

दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार ने कहा, कि प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर समस्या है और इसे रोकने के लिए सख्ती से प्रतिबंध लागू करना जरूरी है। हम न केवल नियमों को लागू करेंगे, बल्कि लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसे अभियानों को और बढ़ावा देंगे। दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, जिसमें नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रशासन की भागीदारी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपमहापौर जयभगवान यादव ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें। डीटीयू के छात्रों और प्रोफेसरों ने भी इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी शामिल थी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने प्रतिज्ञा ली कि वे प्लास्टिक के उपयोग को कम करेंगे और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे।

# अंबुजा सीमेंट्स ने डिडिया कलां के किसानों को जल संचयन समाधान उपलब्ध कराकर साल भर खेती करने में सक्षम बनाया

**बिज़नेस रेमेडीज/नागौर**



विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स, जल-स्मार्ट हस्तक्षेपों के माध्यम से मारवाड़ मुंडवा में ग्रामीण आजीविका को मजबूत करना जारी रखती है। डिडिया कलां गांव में, किसान दंपत्ति बाऊ देवी और गणपतराम की यात्रा इस प्रभाव को दर्शाती है। कभी मौसमी फसलों तक सीमित रहने वाले और सिंचाई के अभाव में मजदूरी पर निर्भर रहने वाले इस परिवार की परिस्थितियां अंबुजा सीमेंट्स की सीएसआर टीम के सहयोग से जल संरक्षण समाधान अपनाने के बाद बदल गईं।

अंबुजा सीमेंट्स की सीएसआर टीम ने सबसे पहले दंपत्ति को छत पर वर्षा जल संचयन प्रणाली आरआर-डब्ल्यूएचएस स्थापित करने में मदद की, जिससे स्वच्छ पेयजल तक पहुँच आसान हो गई। 2023 में, सीएसआर टीम ने सिंचाई के लिए वर्षा जल को संग्रहीत करने के लिए 1,782-घन मीटर (घन मीटर) खेत तालाब बनाने में उनकी मदद की।

इससे उन्हें मानसून के बाद भी खेती का विस्तार करने और शुष्क मौसम के दौरान उच्च मूल्य वाली जीरे की खेती की योजना बनाने में मदद मिली। इसके अलावा, अधिशेष पानी बेचकर, उन्होंने 15,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की, जो वित्तीय स्थिरता की ओर एक बदलाव को दर्शाता है। यह पहल मारवाड़ मुंडवा क्षेत्र में अंबुजा सीमेंट्स के व्यापक प्रयासों में शामिल है, जहाँ सैकड़ों आरआरडब्ल्यूएचएस इकाइयों और खेत तालाबों ने जल सुरक्षा को बढ़ाया है। आज, बाऊ देवी और गणपतराम अपनी आय को दोगुना करने और शारीरिक श्रम पर अपनी निर्भरता को कम करने की उम्मीद कर रहे हैं। यह जल प्रबंधन के लिए अंबुजा सीमेंट्स की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो जीवन को बदल रहा है और साल भर खेती की क्षमता को खोल रहा है।


# सिल्गो रिटेल लिमिटेड

सीआईएनः L36911RJ2016PLC049036

पंजीकृत कार्यालयः बी-11, महालक्ष्मी नगर, जेएलएन मार्ग, जयपुर राजस्थान-302017

ई-मेलः info@silgo.in, वेबसाइटः www.silgo.in

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(प्रति शेयर आंकड़ों को छोड़कर रुपये लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अनअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 1654.57 | 1015.34 | 1018.20 | 4439.54 | 3508.93 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या असाधारण मदों से पहले) | 242.08 | 132.94 | 125.10 | 606.64 | 423.40 |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 242.08 | 132.94 | 125.10 | 606.64 | 423.40 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 173.59 | 100.72 | 93.61 | 447.77 | 315.23 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/हानि सहित) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 179.59 | 100.72 | 93.61 | 453.78 | 312.49 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1849.68 | 1849.68 | 1849.68 | 1849.68 | 1849.68 |
| 7 | अन्य इक्विटी | - | - | - | 3994.80 | 3558.68 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) | | | | | |
| | मूलः | 0.97 | 0.54 | 0.90 | 2.45 | 3.00 |
| | तनुकृतः | 0.97 | 0.54 | 0.90 | 2.45 | 3.00 |

परिणाम, लेखा परीक्षक की सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ, कंपनी की वेबसाइट www.silgo.in पर पोस्ट किए गए हैं और उन्हें क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा जा सकता है।

टिप्पणीः उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 (1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसार है।

निदेशक मंडल के लिए और की ओर से
सिल्गो रिटेल लिमिटेड
कृते/-
नितिन जैन
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 00935911

स्थानः जयपुर
दिनांकः 21 मई, 2025


# नोर्थ ईस्ट एप्रेन्टिसशिप पायलट स्कीम की शुरूआत

**बिज़नेस रेमेडीज/ऐजवाल**

समावेशी विकास एवं क्षेत्रीय सशक्तीकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट योजना की शुरूआत की है। इस योजना का उद्घाटन ऐजवाल में, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा किया गया। इस पायलट योजना का कार्यान्वयन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरेप्रेन्योरशिप , गुवाहाटी और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा राज्य कौशल मिशन, क्षेत्रीय महानिदेशालय एवं स्थानीय संस्थानों के सहयोग से किया जाएगा। लॉन्च पर जयंत चौधरी, ने कहा कि एनएपीएस के तहत इस विशेष पायलट परियोजना का लॉन्च उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में एप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# पीएम मोदी ने दिलाई योग को दुनिया भर में पहचान : सीएम नायडू

**बिज़नेस रेमेडीज अमरावती/आईएएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया में पहचान दिलाई है। यह बात आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि योग भारत की ओर से दुनिया को दिया गया एक अनमोल उपहार है और आज लगभग सभी देश योग कार्यक्रम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि योग केवल कुछ लोगों या जगहों तक सीमित नहीं है, यह सभी के लिए है।


# MOTISONS JEWELLERS LIMITED

Motisons Jeweller Ltd.

**Registered Office:** 270, 271, 272 & 76, Johari Bazar, Jaipur - 302003
• **Corporate Office:** SB-110, Motisons Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur - 302015 Tel No: +91-0141-4160000
Email: motisons@gmail.com | Website: www.motisonsjewellers.com | CIN: L36911RJ2011PLC035122

**Extract of Statement of Audited Financial Results for the Quarter &Year Ended 31st March, 2025**

(Rs. in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-03-2025 | 31-12-2024 | 31-03-2024 | 31-03-2025 | 31-03-2024 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from operations | 11,876.81 | 14,547.67 | 11,699.77 | 46,285.06 | 41,717.65 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 1,508.05 | 2,062.27 | 1,509.96 | 5,940.28 | 4,483.84 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,508.05 | 2,062.27 | 1,568.60 | 5,940.28 | 4,454.96 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 1,113.91 | 1,530.45 | 1,078.80 | 4,317.11 | 3,223.11 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss)for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax) | 1,114.03 | 1,532.87 | 1,076.88 | 4,312.31 | 3,220.33 |
| 6 | Equity Share Capital | 9,844.60 | 9,844.60 | 9,844.60 | 9,844.60 | 9,844.60 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 31,507.15 | 22,969.83 |
| 8 | Earnings per Equity Share (of Face Value Rs. 1 each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | |
| | (1) Basic | 0.11 | 0.16 | 1.10 | 0.44 | 4.30 |
| | (2) Diluted | 0.10 | 014 | 1.10 | 0.42 | 4.30 |

**Note:**

1 The above financial results for the quarter and year ended 31st March '25 have been prepared by the Company in accordance with regulation 33 of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations 2015 (as amended) and were reviewed and recommended by the Audit Committee of the Board and thereafter were approved and taken on record by the board of directors in their meeting held on 21st May, '25 A limited review of the above results has been carried out by the statutory auditors of the company. The full format of the financial results for the quarter and year ended 31st March, 2025 is available on Company's website (www.motisonsjewellers.com) and on Stock Exchange's website viz. www.bseindia.com and www.nseindia.com.

2 Previous Year's /period's figures have been regrouped/rearranged/ restated/adjusted/rectified wherever considered necessary.

3 Basis of Preparation of the Statement and Adoption of Indian Accounting Standards. The Company has adopted Indian Accounting Standard (IND AS) specified under companies (Indian) Accounting Standard Rules, 2015 [as amended] prescribed under section 133 of the companies act, 2013.

For and on behalf of the Board of Directors
Motisons Jewellers Limited
Sd/-
Sandeep Chhabra
Whole Time Director
DIN: 00120838

Date : 21/05/2025
Place: Jaipur


# श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स लॉन्च किए, बाजरा सीड तथा लॉन्च किए गए क्रॉप प्रोटेक्शन प्रोडक्ट्स की सफलता पर डाली रोशनी

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**




डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन मेरियट होटल, जयपुर, राजस्थान में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए।इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने भव्य पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया, जहां विभिन्न बिजनेस वर्टिकल्स से बेहतरीनपरफोर्मेन्स देने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया गया।

भारतीय किसानों की जरूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइजर लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के जरिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथविकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावीबनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका'फलके आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फ लाईफ बढ़ाता है। ये दोनों ही मुद्दे निर्यात एवं प्रीमियम मार्केट्स के लिए बहुत अधिक मायने रखते हैं।

कंपनी को पिछले साल बाजार में उतारे गए अपने आधुनिक कीटनाशकों श्रीराम क्रोन एवं श्रीराम ट्रेक्स्टर के लॉन्च के बाद हजारों किसानों एवं चैनलपार्टनर्स से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। चैनल पार्टनर्स 'श्रीराम सायशो'के प्री-कमर्शियलाइजेशन ट्रायल्स को लेकर भी बेहद उत्सुक दिखाई दिए, जो जापान में विकसित एक पेटेंटेड कीटनाशक है।

अपने वीड मैनेजमेन्ट एवं इन्सेक्टिसाईड (खर पतवार प्रबन्धन एवं कीटनाशक) पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के प्रयास में कंपनी ने 'श्रीरामएकराईटर'के लॉन्च की घोषणा की है, यह चुनिदां शाकनाशी मक्के एवं गन्ने की फसल में खरपतवार को नियन्त्रित रखने के लिए डिजाइन किया गयाहै। इसके अलावा अपने पोर्टफोलियो को और अधिक बढ़ाते हुए कंपनी ने अनूठे सीड ड्रेसर श्रीराम वरलस्ट का भी लॉन्च किया, जिसे खासतौर परफंफूद एवं कीटों से होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए डिजाइन किया गया है।

क्षेत्र की महत्वपूर्ण फसलों में से एक बाजरा के लिए कंपनी हाई परफोर्मिंग वैरायटी श्रीराम 8870 भी लेकर आई, जिसे लेकर किसानों में काफी उत्सुकता दिखाई दी। साथ ही बाजरा हाइब्रिड श्रीराम 8866 और श्रीराम 8860 की वजह से किसानों को मिली सफलता की कहानियों को भी साझाकिया गया। इसी तरह सब्जियों की बात करें तो कंपनी ने किसानों को लाभान्वित करने के लिए हाई वायरस टॉलरेन्ट वैरायटी श्रीराम हिना टमेटो औरश्रीराम 2112 भिंडी का लॉन्च भी किया था। यह लॉन्च सस्टेनेबिलिटी (स्थायित्व) को बनाए रखते हुए भारतीय किसानों की उत्पादकता एवं मुनाफा बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा मेंमहत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संजय छाबड़ा, एक्जिक्युटिव डायरेक्टर एवं बिजनेस हैड ने कहा, कि श्रीराम फार्म सोल्युशन्स नए दौर के इन प्रोडक्ट्स के साथ कृषिइनोवेशन्स की सभी सीमाओं को पार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कंपनी ऐसे वैज्ञानिक समाधानों के जरिए किसानों को सशक्त बनाने के लिएप्रतिबद्ध है जो स्थायी कृषि प्रथाओं के साथ उनकी बदलती जरूरतों को पूरा कर सकें।'